**<u>प्रेस नोट दिनांक 10.07.2026</u>**

**<u>थाना भुता जनपद बरेली</u>**

**थाना भुता #bareillypolice द्वारा दोपहिया वाहन चोरी की घटना का सफल अनावरण, चोरी की 03 बाइक सहित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरणः-</u>**

दिनांक 08.07.2026 को वादी बुद्धसेन पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम रूपापुर, थाना भुता, जनपद बरेली द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया गया कि अभियुक्त द्वारा उनके घर से एक मोटरसाइकिल एवं ₹53,300/- नकद चोरी कर लिए गए हैं। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना भुता पर मु0अ0सं0 293/2026, धारा 305 बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान दिनांक 09.07.2026 को थाना भुता पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बीसलपुर-भुता मार्ग पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त जगवीर पुत्र रामदास, निवासी ग्राम अंडूपुरा, थाना इज्जतनगर, जनपद बरेली को मुकदमे से संबंधित चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। अभियुक्त से पूछताछ एवं उसकी निशानदेही पर चोरी की दो अन्य मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं तथा मुकदमे में आवश्यक धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई।

**<u>सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-</u>**

दिनांक 09.07.2026 को उ0नि0 महेश पाल सिंह, उ0नि0 बीकेश कुमार, उ0नि0 लेखराज सिंह एवं उ0नि0 सतीश कुमार मय हमराही हे0का0 273 आशिफ, का0 1073 गौरव कुमार तथा का0 1136 अतुल कुमार थाना क्षेत्र में वांछित अभियुक्तों की तलाश, लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग एवं शांति व्यवस्था ड्यूटी में मामूर थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त जगवीर पुत्र रामदास निवासी ग्राम अंडूपुरा, थाना इज्जतनगर, जनपद बरेली चोरी की मोटरसाइकिल लेकर बीसलपुर की ओर से भुता की तरफ आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने उक्त मोटरसाइकिल ग्राम रूपापुर से चोरी करना स्वीकार किया, जो थाना भुता पर पंजीकृत मु0अ0सं0 293/2026, धारा 305 बीएनएस से संबंधित है। अभियुक्त से गहन पूछताछ करने पर उसने दो अन्य मोटरसाइकिलें चोरी करना भी स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर नहर किनारे झाड़ियों से चोरी की दो ओर मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 336(3), 318(4) एवं 317 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**<u>पूछताछः-</u>**

अभियुक्त जगवीर पुत्र रामदास निवासी ग्राम अड्डुपुरा थाना इज्जतनगर जिला बरेली ने पूछने पर बताया कि मैने मोटरसाईकिल एचएफ डीलैक्स रजि0नं0 UP25DF1640 को अपने रिस्तेदार बुद्धसेन पुत्र सेवाराम निवासी

ग्राम रूपापुर थाना भुता बरेली के घर से चुरायी है व अन्य 02 मोटरसाईकिल रजिस्ट्रेसन नं 1. UP25AQ8615 एचएफ डिलैक्स रंग लाल ग्राम जुवैदा जुवैदी थाना क्योलडिया जनपद बरेली व तीसरी मोटरसाईकिल बिना नं प्लेट वाली बजाज सीटी 100 को मेरे द्वारा गंगापुर बाजार थाना भुता जिला बरेली से चोरी की गयी है।

**घटना के संबंध में पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0 293/2026 धारा 305/336(3)/318(4)/317 बीएनएस।

**गिरफ्तार अभियुक्त आपराधिक इतिहासः-**

मु0अ0सं0 159/2013 धारा 363/366 भा.द.वि. थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली।

**बरामदगीः-**

03 चोरी की मोटरसाईकिल

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 महेश पाल सिंह थाना भुता जनपद बरेली
2. उ0नि0 बीकेश कुमार, थाना भुता जनपद बरेली
3. उ0नि0 लेखराज सिंह थाना भुता जनपद बरेली
4. उ0नि0 सतीश कुमार थाना भुता जनपद बरेली
5. हे0का0 273 आशिफ थाना भुता जनपद बरेली
6. का0 1073 गौरव कुमार थाना भुता जनपद बरेली
7. का0 1136 अतुल कुमार थाना भुता जनपद बरेली